दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 85 मुरादाबाद, 14 July 2023 (Friday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 'चीन का बढ़ता खतरा, रूस पर सख्त रुख', फ्रेंच अखबार ने पूछे ये सवाल,

## पीएम मोदी ने ऐसे दिया जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के एक समाचार पत्र को इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कई अहम मुद्दों पर बात की। पीएम मोदी ने चीन के साथ बिगड़ते हालातों और यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर किए गए सवालों के जवाब भी दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह दिल्ली से फ्रांस के लिए रवाना हुए। पीएम फ्रांस में दो दिन रहेंगे। उसके बाद यूएई जाएंगे। इस बीच, पीएम मोदी ने फ्रांस के एक समाचार पत्र को इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल साउथ और पश्चिमी दुनिया के बीच पुल के रूप में भारत की भूमिका पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने फ्रांस मीडिया से ही पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 'विश्व' की बात करने का दावा कैसे कर सकती है, जब सबसे अधिक आबादी वाला देश और सबसे बड़ा लोकतंत्र इसका स्थायी सदस्य नहीं है? वहीं, चीन के साथ बिगड़ते हालातों और यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर किए गए सवालों पर भी बात की। आइए जानते हैं कि पीएम मोदी ने सवालों के जवाब में क्या कुछ कहा - सवाल- चीन अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारी मात्रा में पैसे खर्च कर रहा है। क्या इससे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरा है? जवाब- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे हित व्यापक हैं। इससे हमारा जुड़ाव गहरा है। मैंने इस क्षेत्र को एक शब्द दिया हुआ है- सागर, जिसका अर्थ है क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास। हालांकि, हम जिस भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं उसके लिए शांति आवश्यक है, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं है। भारत हमेशा बातचीत और कूटनीति के माध्यम से मतभेदों के शांतिपूर्ण समाधान और सभी देशों की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने के लिए खड़ा रहा है। आपसी विश्वास और भरोसा बनाए रखने के लिए यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हमारा मानना है कि इसके माध्यम से स्थाई क्षेत्रीय और वैश्विक शांति तथा स्थिरता की दिशा में सकारात्मक योगदान दिया जा सकता है। सवाल- इलाके में तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत समेत कई देश चीन के आक्रामक व्यवहार से जूझ रहे हैं। चीन के साथ इस गतिरोध में रणनीतिक समर्थन के मामले में आप फ्रांस से क्या उम्मीद करते हैं? जवाब- भारत और फ्रांस के बीच एक व्यापक आधार तथा रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, आर्थिक, मानव-केंद्रित विकास और स्थिरता सहयोग शामिल है। जब समान दृष्टिकोण और मूल्यों वाले देश द्विपक्षीय रूप से मिलकर एक साथ काम करते हैं, तो वे किसी भी चुनौती से निपट सकते हैं। इंडो पैसिफिक क्षेत्र सहित हमारी साझेदारी किसी देश के खिलाफ नहीं है। हमारा उद्देश्य हमारे आर्थिक और सुरक्षा हितों की रक्षा करना, नेविगेशन और वाणिज्य की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन को आगे बढ़ाना है। हम अन्य देशों की क्षमताओं को विकसित करने और स्वतंत्र रूप से विकल्प चुनने के उनके प्रयासों का समर्थन करने के लिए उनके साथ काम करते हैं। हमारा लक्ष्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता को आगे बढ़ाना है। सवाल- सितंबर में आपने व्लादिमीर पुतिन से कहा था कि आज युद्ध का युग नहीं है। युद्ध अब लंबा खिंच रहा है और वैश्विक दक्षिण पर इसके परिणाम बहुत बड़े हैं। क्या भारत रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना रुख कड़ा करने जा रहा है? जवाब- मैंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से कई बार बात की है। मैं हिरोशिमा में राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिला। हाल ही में, मैंने राष्ट्रपति पुतिन से दोबारा बात की। इस मामले में भारत का रुख स्पष्ट, पारदर्शी और सुसंगत रहा है। मैंने कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। हमने दोनों पक्षों से बातचीत और कूटनीति के जरिए मुद्दों को सुलझाने का आग्रह किया है। मैंने उनसे कहा कि भारत उन सभी वास्तविक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है, जो इस संघर्ष को समाप्त करने में मदद कर सकते हैं। हमारा मानना है कि सभी देशों का दायित्व है कि वे दूसरे देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करें। हम पूरी दुनिया खासकर ग्लोबल साउथ पर युद्ध के प्रभाव को लेकर भी चिंतित हैं। पहले से ही कोरोना महामारी के प्रभाव से जूझ रहे देशों को अब ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य संकट, आर्थिक मंदी, मुद्रास्फीति और बढ़ते कर्ज के बोझ का सामना करना पड़ रहा है। युद्ध खत्म होना चाहिए। हमें उन चुनौतियों का भी समाधान करना चाहिए, जिनका दक्षिण के देश सामना कर रहे हैं।



## दिल्ली के सभी स्कूल-कॉलेज संडे तक बंद, भारी वाहनों की नोएंट्री, कुछ इलाकों में बिजली काटी



राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। हथनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली में कुछ सड़कों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और निकास अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। रविवार तक दिल्ली में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। एमडी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि दिल्ली के मेटकाफ रोड स्थित सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर में बाढ़ का पानी घुस गया है। यहां भर्ती 40 मरीजों को दूसरी जगह पर भेजा जा रहा है। वहीं तीन वेंटिलेटर पर हैं।दिल्ली में यमुना नदी के जलस्तर में बीते एक घंटे से कोई कमी नहीं आई है दोपहर एक बजे पानी का स्तर 208.62 मीटर था, जो दोपहर दो बजे तक यहीं पाया गया। एडिशनल डीसीपी अचित गर्ग ने बाढ़ प्रभावित यमुना बैंक इलाके का दौरा किया और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। साथ ही मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। यमुना बाजार स्थित दंडी आश्रम में रुके हरिद्वार के एक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी वार्ड में फंसे दिल्ली पुलिस ने इन विद्यार्थियों को बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। वहीं दूसरी तरफ गढ़ी मांडू इलाका भी पानी मे डूब गया है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पीछे की तरफ रिंग रोड पर नदी की तरह पानी चलना शुरू हुआ।यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद गीता कॉलोनी पुश्ता रोड श्मशान घाट से पुराने लोहे के पुल गांधी नगर के रास्ते को डावर्ट कर दिया गया है। राजा राम कोहली मार्ग और मास्टर प्लान से स्वामी विवेकानंद मार्ग और उसके बाद जीटी रोड शाहदरा को जोड़ा गया है। कश्मीरी गेट के बस अड्डे की ओर आने वाले सभी रास्तों में पानी भर गया है। सड़कों पर कुछ ही वाहन फंसे हुए हैं।

मंगरौली गांव में पानी घुसने के बाद मवेशी को निकालने का काम जारी है। एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। नोएडा के सेक्टर-137 में भी पानी घुस गया है। यमुना नदी में आई बाढ़ का पानी दिल्ली ही नहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों तक फैल गया है। नोएडा के मंगरौली गांव में पानी घुस गया है।

## योगी बोले: सरकारी नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप, यूपी में 6 साल में मिलीं 6 लाख सरकारी नौकरियां



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने नागरिकों के साथ शासन की योजनाओं को नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप है, जो सरकारें प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से रोकतीं थी जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया है। हमारी सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है कि चयन की प्रक्रिया से लेकर नियुक्ति प्रक्रिया तक किसी भी अभ्यर्थी के साथ भेदभाव न होने पाए। विगत छह वर्ष में छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने में हम सफल रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश की नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई उंगली नहीं उठा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनौती से जो घबरा जाता है वह कुछ नहीं प्राप्त कर पाता। अगर चुनौती आपके सामने है तो इसका मतलब है कि आपके लिए कुछ नए अवसर आने वाले हैं। एक फाइल एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे सीएम योगी ने गुरुवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित नव नियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2021 से 2023 के बीच में डेढ़ वर्ष के अंदर हमारी सरकार 21 नियुक्ति पत्र कार्यक्रम संपन्न करा चुकी है। इसके तहत लगभग 55,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। सीएम योगी ने नव नियुक्त अधिकारियों को वर्तमान सरकार की कार्यशैली के बारे में बताते हुए कहा कि प्रदेश भर से जुड़ी हुई समस्याएं किसी ना किसी रूप में आपके पास आएंगी। हमारा प्रयास होना चाहिए एक फाइल एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे।

### सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से ज्यादा थी। विगत छह वर्ष में हमारी सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही है। दो करोड़ से अधिक युवाओं को हम लोगों ने स्वरोजगार के साथ जोड़ने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा आयोग बनाने जा रहे हैं। इसके तहत उच्चतर शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा चयन आयोग की प्रक्रिया को जोड़ देंगे। सीएम योगी ने कहा कि संविधान प्रदत्त आरक्षण की सुविधा की लाभ हर तबके को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का संकल्प लिया है। इसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अगर प्रदेश का हर व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में इमानदारी से कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे तो उत्तर प्रदेश को आने वाले समय में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में सफल रहेंगे।

## नीतीश सरकार के खिलाफ BJP का हल्लाबोल, पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, आंसू गैस के गोले भी दागे



नई शिक्षक नियमावली के विरोध में आज भाजपा नेता सड़क से लेकर सदन तक प्रदर्शन कर रहे हैं। विधानसभा परिसर में कई विधायक बिहार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर हैं। वहीं गांधी मैदान में सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे हैं।आज बिहार भाजपा विधानसभा मार्च करने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क से सदन तक पैदल मार्च करेंगे। भाजपा नेता 11 बजे गांधी मैदान में एकजुट हुए हैं। यहां से जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहा पहुंचे। भाजपा नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मा का दर्जा देने की मांग करने लगे। यहां पहले से तैनात पटना पुलिस ने पहले भाजपा नेताओं को पीछे हटने कहा। लेकिन, भाजपा नेता नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। इतना ही नहीं आंसू गैस के गोले भी दागे गए। पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया। इसी दौरान भाजपा के नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिग्रीवाल समेत कई नेता चोटिल हो गए। आरोप है कि सांसद सिग्रीवाल को भी पुलिस ने लाठी से पीटा। इसमें वह घायल हो गए। उनके सिर और चेहरे पर चोट आई है। पुलिस ने सम्राट चौधरी, रेणु देवी, प्रेम कुमार, संजय सरावगी समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। सभी को बस भरकर ले गई।भाजपा ने कहा - यह अन्याय है- भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि सरकार आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रही है। पटना पुलिस ने महिलाओं को भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया है। यह अन्याय है। वहीं पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह अन्याय है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। हमलोग शांतिपूर्व तरीके से आगे बढ़ रहे थे इतने में पुलिसकर्मी लाठी बरसाने लगे।

भाजपा के आंदोलन से बिहार सरकार डर गई है। गांधी मैदान में भाजपा नेताओं ने कहा कि आपने बिहार के युवाओं से 10 लाख रोजगार देने का वादा किया हुआ था उसका क्या हुआ। राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने कहा कि आज के चंद्रगुप्त नरेंद्र मोदी हैं। उनके नेतृत्व में बिहार में भी भाजपा की सरकार बने। बिहार में सत्ता का परिवर्तन अनिवार्य है। क्योंकि ऐसा जनता चाह रही है।

## संपादकीय Editorial

# Sainz's message

The rivers are infamous, the drains out of place and the wells have forgotten the flow of water, this is the rain in whose hem the screams of the people and the flowing traces. This time Sainj is suffering in the lap of Himachal or the market of Thunag is crying. The devastation of forty houses and thirty shops in Sainj is making a lot of complaints. This debris must have been working hard to show progress, but today your roof also fell, my roof also fell. When the society became single within itself, the songs changed, the seasons changed, but the attitude of the mountain did not change. It is a gruesome scene of ambitions that Sainz is sobbing today. Tomorrow my house will also be under his control, yours will also be. In fact, the ambition of every citizen, every village and every city is fighting on earth and fighting in the sky. In such a situation, the ambiguity between several streams, the absence of any symmetry between the government and the common man, in the dreams of the state and the citizen, is also diabolical. As long as the forty collapsed houses of Sainj were stable in the mirror of our progress, they were seen far away, but today every street is crying in the condition of the town. Similarly, the name of those thirty shops were erased, within which there must have been business purpose, mutual competition, ambition to move forward and to find permanent peace of living in the government system. The question is whether today's Sainz violated the mountain limits or changed the rules of moving forward. By making progress a frenzy on our own mistakes, we neither knew the cover of the earth nor the reason for the traditional gaiety.

The irony is that the hilly localities are now badly divided by coming along the roads. Even today, we have not understood the negligence of the buildings standing on all the drainage routes due to the mindlessness of the climate and the mentality of encroachment. Meanwhile, departmental confusions, hands got burnt even while lighting the tap in every house and lighting the bulb in every room. The society does not have space for electric poles or water supply pipes, but the government cannot go against its promises, so these facilities are passing here and there, creating danger by taking away the soil of life. Just turn around and see how progress has been happening near the water sources around you. In the process of site selection for the construction of power projects, the emphasis is on generating more power at less cost, while the bottlenecks in the flow of the river are being removed. We have dug such roads, which will continue to haunt the mountain for a lifetime, so will surveys continue to be measured on paper like this? When Sainz started increasing its size, which department along with the society thought that one day planning would be needed. Are there guidelines fixed under TCP. Whether the security of civilian settlements is being measured under the geographical or geological survey of the state. In fact, the journey of their respective ambitions continued between the public and the government. Sainz's progress will also have to be tested in coordination with the civil society and the government. For politics, growing house-growing business only widens the chest of votes. That's why we have created such a harmony between the governments and the voters in the state that only tosses political coins. In such a situation, when will the government show courage and make the voter an aware citizen. Unfortunately, Himachal became aware as a voter and started exploiting the state itself, while discipline of living can be created only by a cautious and effective system. Had the TCP law not died amidst the scattered buildings in Sainj, the development plan would have had so much potential that Chahal Pahal would not have been embarrassed.

# GST: Strictness vs Taxation Methodology and Constitutionality Test on Online Gaming

The speculative industry in a vast country like India, which has a total size of Rs 14,000 crore per annum to a GDP of Rs 280 lakh crore, is indeed a big challenge that is being addressed. Therefore, it has been decided to levy 28 percent GST on it. On Tuesday, the 50th meeting of the GST Council was held under the chairmanship of Finance Minister Nirmala Sitharaman, which can be called a milestone in the tax system. Actually GST could be implemented after a lot of discussion. Earlier, 49 meetings of the Council were held in which around 1,500 decisions were taken, reflecting the spirit of cooperative federalism. In this, several measures were announced to streamline the compliance of tax assessments. The Finance Minister informed that GST Appellate Tribunals will be set up in state capitals where there are benches of the High Court. The GST Appellate Tribunal will start functioning from this financial year. Ahead of this meeting, the government through a notification on July 7 brought GSTN under PMLA, which would facilitate information sharing between GSTN, Enforcement Directorate and other investigative agencies. This naturally raised questions in the GST Council meeting. Finance ministers of Aam Aadmi Party-ruled Punjab and Delhi expressed apprehensions that this could lead to 'tax terrorism' and crores of GST payers could be harassed by the ED. But the Union Finance Minister told the states that this action was necessary to meet the Financial Action Task Force (FATF) obligations. He clarified that ED can send cases to GSTN, while GSTN data will not be sent to ED. The Director of the Financial Intelligence Unit (FIU) will provide information to the authorities when he finds that tax evasion or money laundering has taken place. The GST Council approved tax deductions on four items. The most welcome decision is the decision to exempt the import of drugs used in the treatment of cancer and rare diseases, and food supplements or food for special medical purposes. This will provide relief to patients suffering from rare diseases and reduce the cost of their treatment. In order to provide a level playing field in the satellite launch sector, it has been decided that GST exemption on satellite launch services provided by ISRO, Antrix Corporation Limited and New Space India Limited (NSIL) may be extended to private sector organizations also. So that such private players can be encouraged to enter this sector in India. In the case of automobiles, the definition of MUV and SUV has been clarified for levy of additional cess. On the request of representatives of some states, sedans have been exempted from the increase in cess up to 22 per cent on fixed size SUVs. Any utility vehicle, which is more than four meters in length, has an engine capacity of more than 1,500 cc and ground clearance (unloaded) of more than 170 mm, will attract 22 percent compensation cess in addition to 28 percent GST. However, this will not be applicable on sedans. Food and beverages served in cinema halls will now attract 5 per cent GST instead of 18 per cent, which has been welcomed by cinema owners. The most attention-grabbing announcement was the imposition of 28 per cent GST on full face value for online gaming, casinos and horse racing. As a result, the stock price of the largest casino operating company fell heavily on Wednesday morning. The Finance Minister said that 'GST Council does not intend to harm the online gaming industry or the states. The council has taken a decision after considering it seriously, which was pending for two-three years. He, however, clarified that the effective date for levying 28 per cent GST on online gaming would come into effect after the amendment in the GST law. Online gaming companies have long struggled to differentiate themselves from betting and gambling businesses, which have a negative image in society and are subject to tougher tax provisions. The decision is expected to result in a loss of $1.6 billion to the flourishing online gaming industry in India. Aditya Shah, chief operating officer of online gaming platform India Pledge, said, "The 28 per cent tax rate will pose significant challenges to the gaming industry. This high tax burden will impact the cash flow of companies, thereby limiting their ability to invest in innovation, research and business expansion.' The Finance Minister told Parliament in December 2022 that online gaming companies in India as well as abroad evaded GST worth Rs 229 billion from April 2019 to November 2022. Gaming companies have challenged the ban of some state governments in the courts. As a global example, the US taxes casinos and gaming at over 50 per cent, several European countries such as France have tax rates as high as 80 per cent, while Macau, a major center of casino and gambling activity, has a tax rate of 30 per cent. Kenya has recently increased the tax rate on online gaming from 15 percent to 35 percent to curb the spread of addiction, which is affecting the youth as well as the poor. The speculative industry in a vast country like India, with a total size of Rs 14,000 crore per annum in a GDP of Rs 280 lakh crore, is indeed a big challenge that needs to be addressed.is being written. While cement required for all major infrastructure activities can attract a 28 per cent GST, it is not uncommon for casinos, horse racing and online games to be taxed. Sudipta Bhattacharjee, Partner, Khaitan & Co, said, "The distinction between a game of skill and a game of chance has not been appreciated in the Karnataka High Court judgment in the Gamescraft case. It remains to be seen whether the prescribed method of taxing online gaming will stand the test of constitutionality. In any case, it cannot be implemented retrospectively. Obviously, this is not the final verdict in this matter.

# Agriculture: Bamboo products become an alternative to plastic, 'green gold' is a good source of income

In the Indian environment, bamboo has been called 'Green Gold', because the income in bamboo is good as compared to other crops. The production of bamboo and the employment of handmade crafts related to it slowed down a bit. Not much, the speed increased a bit in the last two decades. Bamboo-cane handicraft products are not easy to find. Even if you do get it, it is very expensive. Whereas, there was a time when bamboo production was done on a large scale in every corner of India. The apathy of the states and the central government affected the cultivation of bamboo.

On seeing this, the cultivation of bamboo was limited, but no attempt was made to stop it. However, after China, India is still the second largest producer of bamboo in the world. But, doesn't it grow as much as it should? At present, one third of the production of bamboo is sent to the neighboring countries only. People's attraction towards things made of bamboo is increasing again. Actually, the world has started avoiding plastic items, the alternative of which is becoming bamboo. That's why its market has suddenly increased. People have started adopting eco-friendly bamboo products instead of plastic.

China has been a leader in bamboo production for several decades, where it is increasingly used in everyday items such as kitchen utensils, furniture, toys, paintings, decorative items and handicrafts. Seeing the same, furniture and eco-friendly manufacturing companies in India have now started giving advice to farmers for contract farming of bamboo. Certainly, with this step, betterment of the environment, good profit of the farmers and a good future of 'bamboo farming' as rural self-employment has started to appear. There are a total of 1,662 species of bamboo in the world, out of which 130 high quality species are in India.

The best bamboo grows in Manipur and Mizoram. Apart from this, top quality bamboo was once available in some plains of the country. Do not go far, the Bareilly district of Uttar Pradesh, which is known as 'Bamboo Bareilly', used to grow bamboo on a large scale. But today the production of bamboo has decreased there. There are many other areas where bamboo cultivation used to take place. Pilibhit is a district adjacent to Bareilly, the flute there has been world famous. Recently, dozens of university scientists conducted research together in New York on the utility of bamboo and its need in the modern era, in which scientist Anjoy Nathan, associated with the Hungarian University of Agriculture, said that bioethanol, biogas and other bioenergy products can be produced through bamboo. Can also become His emphasis was that those countries of the world should re-consider increasing the production of bamboo, wherever bamboo production is possible. His gesture was towards India only.

However, India understands the importance of bamboo very well. This sector continued to play a major role in the Indian economy in the early years of independence. But, the modern glare disillusioned the public with bamboo farming and the things made from it. However, the northeastern states are still dependent on bamboo-cane handicraft products, as they have been popular for their distinct expertise through bamboo.

By the way, the soil and climate of the states of Madhya Pradesh, Assam, Karnataka, Nagaland, Tripura, Odisha, Gujarat, Uttarakhand and Maharashtra are favorable for bamboo cultivation even today. In the Indian environment, bamboo has been called 'Green Gold', because the income in bamboo is good as compared to other crops. The Ministry of Agriculture wants the farmers to take up bamboo cultivation again. For this subsidy and insurance scheme has also been made. Bamboo cultivation produces 25-30 tonnes of bamboo per hectare, which sells for three to four thousand rupees per tonne. If the farmers wish, they can earn seven to eight lakh rupees per hectare every year after three years of planting bamboo. The Government of India has also started the 'National Bamboo Mission', under which subsidy has also been started on bamboo plants to the farmers, yet the farmers are not taking interest in the production of bamboo.

# मुरादाबाद में रामगंगा नदी खतरे के निशान से सिर्फ 82 सेंटीमीटर दूर, किसान बोले- पुल टूटने से बढ़ी परेशानी...नाव का ले रहे सहारा

## रामगंगा नदी का जलस्तर 189.78 मीटर तो गागन का 189.25 मीटर दर्ज किया गया




मुरादाबाद में रामगंगा नदी खतरे के निशान से सिर्फ 82 सेंटीमीटर दूर है। पहाड़ी और मैदानी इलाकों में बारिश होने से नदियां उफान पर है। बुधवार को रामगंगा का जलस्तर 189.78 मीटर और गागन का जलस्तर 189.25 मीटर रहा। जिससे नदी के तटीय किनारे वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी पार खेती करने के लिए किसानों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। बंगला गांव, दससराय घाट, नवाबपुरा, वारसीनगर और जामा मस्जिद के लोग सहमे हैं। जलस्तर बढ़ने पर पानी मोहल्लों तक आने की संभावना है। पहाड़ी इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। इसके साथ ही मैदान क्षेत्रों में भी बदरा खूब बरस रहे हैं। जिसका असर नदियों के जलस्तर पर पड़ रहा है। महानगर के पास से गुजरने वाली दोनों नदियों में काफी जल चल रहा है। इससे नदी के पार वाले खेतों में पानी भी भर गया है। इससे किसानों को परेशानी हो रही है। जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्रा ने बताया कि बारिश से नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन अभी खतरे वाली बात नहीं है। रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से खेती करने में परेशानी आ रही है। नदी पार 10 बीघा जमीन है। जो अभी जमीन खाली पड़ी है। पार जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। लकड़ी का जो पुल बना था, वह पानी बढ़ने पर टूट गया।-बिजेंद्र सिंह, पीएससी तिराहा

रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का डर सताने लगता है। अगर पानी बढ़ा तो गलियों में आ जाएगा। जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अभी पानी दूर है। नदी के उस पार 12 बीघा जमीन है। जिसमें तुरई की फसल बोई है। बारिश से उसे भी नुकसान पहुंचा है। आने जाने में दिक्कत हो रही है।-बॉबी, बंगला गांव

बैलगाड़ी से नदी के पार जाना पड़ रहा है। पशुओं के लिए चारा वहीं से ला रहे हैं। अगर नाव से लाते हैं तो 100 रुपये किराया लिया जाता है। जान जोखिम में डालकर किसान बैलगाड़ी से पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था कर रहे हैं। प्रशासन को यहां पर स्थाई पुल की व्यवस्था करनी चाहिए।-फैसल, चक्कर की मिलक

### काफियाबाद समेत आधा दर्जन गांवों में धान की फसल बाढ़ से खराब

मुरादाबाद। गांव काफियाबाद, सलेमसराय समेत आधा दर्जन गांवों के खेतों में भरा बाढ़ का पानी कम होने लगा है। लेकिन, ग्रामीणों की समस्याएं बरकरार हैं। खेतों में पानी भरने से धान की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। सदर तहसील क्षेत्र के गांव काफियाबाद में बुधवार को चौथे दिन भी खेतों में पानी भरा रहा, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पहले की अपेक्षा कम हुआ है। इस्लामनगर-पीपलसाना मार्ग पर भी पानी के बहाव में कमी आई है। खेतों में पानी भरा रहने से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पशुओं के लिए भी चारे की समस्या खड़ी हो रही है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश का असर नदियों के जलस्तर पर दिखाई दे रहा है। गांव काफियाबाद के जंगल में ढेला और रामगंगा नदी का पानी भर गया। जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### हर साल ही बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ता है

घोसीपुरा, अक्का, खैय्या खादर के ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के पानी से फसलों को बहुत नुकसान हो रहा है। जिन फसलों को नुकसान हुआ है, उनका मुआवजा भी मिलना चाहिए। हर साल ही बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ता है। किसान मनोज कुमार, वीर सिंह, सोमपाल सिंह, लटूर सिंह ने बताया कि हर साल बाढ़ का पानी परेशान करता है। ग्राम काफियाबाद के प्रधान के पति गोपाल कहते हैं कि बुधवार को खेतों से पानी कुछ कम हुआ है, लेकिन अभी पूरी तरह से राहत नहीं मिली है। एसडीएम मणि अरोरा का कहना है कि नदियों के जलस्तर की जानकारी स्थानीय लेखपालों और कंट्रोल रूम से ले रहे हैं। ऐतिहायत के तौर पर खाद्य सामग्री भेजी गई है। रामगंगा नदी के बढ़ते जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्रा ने बताया कि बुधवार को मुरादाबाद तहसील में 18 मिलीमीटर, ठाकुरद्वारा में 5.2 मिलीमीटर, बिलारी में 59.0 मिलीमीटर और कांठ तहसील में 4.0 मिलीमीटर बारिश हुई। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार 13 जुलाई को भी जनपद के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

# गुलफ्शा ने पति समेत सात पर दर्ज कराई रिपोर्ट, लगाए गंभीर आरोप

**पत्नी ने खोली पोल : दहेज प्रतिषेध अधिनियम और मारपीट, जालसाजी व अन्य आरोपों में रिपोर्ट**

मुरादाबाद -जिस तरह से आमिर अली के धर्म परिवर्तन मामले में बुधवार को नया मोड़ आया है। उससे संदेह स्पष्ट है कि आमिर हिंदू धर्म में आस्था जताकर मुस्लिम धर्म छोड़ना नहीं चाहता है। बुधवार को आमिर अली की पत्नी ने मुगलपुरा थाने पहुंचकर पति समेत सात लोगों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम और मारपीट, जालसाजी के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें इसके माता-पिता, दोनों बहनें और बहनोई भी नामजद हो गए हैं। इनमें गुलफ्शा का पति आमिर अली, सास हमीदा, ससुर सैय्यद आरिफ अली व आसिफ अली व इनकी पत्नी लुबना परवीन, इमरान अली व इनकी पत्नी उमजा परवीन हैं। इसमें आमिर अली, हमीदा, सैय्यद आरिफ अली मुगलपुरा में प्रिंस पब्लिक स्कूल की बराबर में रहते हैं। लुबना परवीन व आसिफ अली गैस पाक का तिराहा छत्ते के पास के हैं, जबकि उजमा परवीन, इमरान अली खारी कुआं लाकड़ी वालन के हैं। उधर, गुलफ्शा ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह आमिर अली संग 20 फरवरी 2022 को हुआ था। पति पूर्व से ही एक महिला के संपर्क में रह रहा था। इस बात की जानकारी आमिर की मां हमीदा, पिता आरिफ अली, बहन लुबना परवीन व उसके बहनोई आसिफ अली को शुरू से रही है। इस मामले में मुगलपुरा थानाध्यक्ष अमित कुमार तोमर ने बताया कि गुलफशा के केस में साक्ष्य एकत्र कर मामले की जांच करेंगे।

### डीएम के सामने पेश नहीं हुआ आमिर

अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने बताया कि आमिर अली ने हिंदू धर्म अपनाने और सुरक्षा की मांग संबंधी जो प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के दिया है। उसके संबंध में वह आमिर अली को कार्यालय में बुलाएंगी और उससे उसकी मंशा और बातचीत कर अगली कार्रवाई करेंगी। उन्होंने बड़ी बात ये बताई कि आमिर अली प्रर्थना पत्र देने को जिलाधिकारी के सामने पेश नहीं हुआ है और न ही उन्हें अब तक मिला है।

# सरकारी चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करायीं जाये -जिलाधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस, जिला स्वास्थ्य सोसायटी के शासी निकाय की मासिक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने संचारी रोग अभियान, नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, रोग आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने संचारी रोग अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रदेश एवरेज से कम न रहें, इसको सुनिश्चित किया जाये तथा दस्तक अभियान के अन्तर्गत एम0ओ0आई0सी0 चिन्हित किए गये बच्चों को उसी दिन ई-कवच पर फीड कर दें। डीपीएम डा0 रघुवीर सिंह ने पीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की प्रगति के बारे में अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति को निरन्तर बनाये रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जन आरोग्य योजना में उपचारित लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पेन्डिग न रहें, सभी समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला स्वास्थ्य शासी की बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत शतप्रतिशत भुगतान करने के निर्देश देते हुए कहा कि गत वर्ष का अवशेष भुगतान पेन्डिग न रहें, इसको सुनिश्चित किया जाये। नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत जनपद की ड्यू लिस्ट 70 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत होने तथा सुपरविजन में पिछली वार 66 प्रतिशत प्रगति के सापेक्ष वर्तमान में 63 प्रतिशत प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कुन्दरकी, डिलारी के एम0ओ0आई0सी0 को नियमित टीकाकरण में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। कवरेज ऑफ एम0आर0 वैक्सीन में मुरादाबाद अर्वन, बिलारी, कांठ, कुन्दरकी की स्थिति डिस्ट्रिक्ट एवरेज से नीचे होने पर जिलाधिकारी ने वहां के एमओआईसी को विशेष प्रयास कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण मॉनीटरिंग इंडीकेटर में कानून गोयान, टाउन हाल सहित 7 मोहल्लें पीछे रहने पर जिलाधिकारी ने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। आर0आई0 सेशन मॉनीटरिंग इंडीकेटर में कुन्दरकी में ड्यू लिस्ट अपडेट नही पाये जाने पर जिलाधिकारी ने लिस्ट को लगातार अपडेट करते रहने के निर्देश दिये। आर0आई0 सुपरवाईजरी विजिट में भोजपुर, मूढापाण्डे, डिलारी, कांठ में स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वी0एच0एस0एन0डी0 सेशन पर सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहें, इसको सुनिश्चित किया जाये। प्रधानमंत्री टी0वी0 मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने विशेष प्रयास कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत सहायक के माध्यम से नवजात शिशु का रजिस्टेऊशन कराए ताकि लाभार्थी अपना रजिस्टेऊशन सर्टिफिकेट किसी भी समय प्राप्त कर सके। उन्होंने संभव अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी सेम बच्चा चिन्हित करें उन्हें एनआरसी पर शतप्रतिशत रेफर करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं का भुगतान समय से नियमित तौर पर करते रहें। उन्होंने एम0ओ0आई0सी0 को टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने तथा सेशन साइट मॉनीटरिंग इण्डीकेटर में विशेष प्रयास कर सुधार लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को ब्लाक स्तर पर भी जागरुकता बढ़ाने तथा एक टास्कफोर्स समिति बनाकर कार्य कर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता बनी रहें, इसको सुनिश्चित किया जाये। जननी सुरक्षा योजना में जिलाधिकारी ने और बेहतर कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। ई-कवच के तहत डेटा की फीडिंग की प्रगति को समय से बढ़ायें, इसको सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कम्युनिटी प्रोसेस के अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों के गुणवत्तापरक संचालन, ब्राण्डिंग तथा स्वास्थ कार्यक्रमों के सुदृढीकरण हेतु एम्बूलेंस सेवाओं, एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्ता मानकों के अनुरुप संचालित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिये कि टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव अग्रवाल, सी0एम0एस0 डा राजेन्द्र, ए0सी0एम0ओ0 डा0 विश्राम सिंह, डिप्टी सीएमओ डा0 संजीव वेलवाल, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी अभय कुमार यादव, एनयूएचएम नोडल अधिकारी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, समस्त चिकित्साधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, सी0एच0ओ0, एनएचएम मुरादाबाद, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डीएनसी, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीपीएम, वीसीसीएम, यूएनडीपी, आईसीडीएस व जेएसआई के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा शाखा प्रबंधकों के सूक्ष्म वित्तीय समावेशन एवं उन्मुखीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मुरादाबाद द्वारा शाखा प्रबंधकों के सूक्ष्म वित्तीय समावेशन एवं उन्मुखीकरण हेतु विकास भवन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में उपस्थित शाखा प्रबंधकों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के खाता खोलने एवं उन्हें बैंक से लिंकेज करते हुए ऋण वितरण कराने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक सहयोग कर उनके परिवार के उत्थान के लिए विचार करने हेतु शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए गए। उपायुक्त स्वतरू रोजगार द्वारा भी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में समूह गठन एवं बैंक से लिंकेज हेतु लक्ष्य की जानकारी देते हुए बैंक से होने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान पर विस्तार से बताया गया। एन आई आर डी हैदराबाद से आए दोनों नेशनल रिसोर्स पर्सन द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संपूर्ण ढांचा व समूहों का ऋण वितरण करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। समूहों के खाता खोलने एवं उन्हें ऋण उपलब्ध कराने में अच्छे प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबंधकों एवं बैंक सखियों को जिलाधिकारी मुरादाबाद द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। अंत में उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा जिलाधिकारी मुरादाबाद एवं उपस्थित नेशनल रिसोर्स पर्सन, एलडीएम व समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# देशी शराब के ठेके से पैसे लूटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - दो दिन पूर्व गांव जिरौलीहीरासिंह स्थित देशी शराब के कांउटर से पैसे लेकर भागे लुटेरे को पुलिस ने नानऊ पुल के निकट से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जनपद मैनपुरी के थाना बेबर के गांव बल्लूपुर निवासी सुभाष चंद्र पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि वह गांव जिरौलीहीरासिंह में देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन का काम करता है। बीते की रात वह शराब के ठेके पर बिक्री कर रहा था तभी शराब के ठेके पर आकर एक कार रुकी जिसमें से तीन लोग शराब लेने ठेके पर आए तो उसने उन्हें शराब दे दी। जब उसने पैसे मांगे तो तीनों लोगों ने शराब के पैसे देने से इंकार कर दिया और काउंटर पर बिक्री के रखे करीब दो हजार रुपयों को लेकर भाग गए। भागते समय हड़बड़ाहट में उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। तब तीनों लोग कार को मौके पर ही छोड़कर भाग खड़े हुए। सूचना पर ठेका मालिक आए और मोबाइल द्वारा कार का पता लगाया तो कार मालिक से बात हुई। उसने बताया उसकी कार को ललित कुमार पुत्र रत्नेश कुमार निवासी गांव चालाक पुर अतरौली, सोनू पुत्र हरी सिंह, रवि पुत्र महेंद्र निवासी गांव कोटिया रामघाट बुलंदशहर लेकर गए हैं। थाना प्रभारी एमपीसिंह ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपित ललित, सोनू व रवि के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया गया था। की रात नानऊ पुल के निकट से पुलिस ने बांछित ललित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।शेष दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आंगनवाड़ी केन्द्र चपदा की कार्यकर्ता पिछले दो वर्षो से ग़ायब, सहायिका के भरोसे हो रहा संचालन

## बच्चों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ




रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी- जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत चपदा में एक ऐसा आंगनवाड़ी केन्द्र है जहां पर आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता पिछले दो वर्षों से ग़ायब है। जिससे ग्रामीणों ने परेशान होकर परियोजना अधिकारी को इस संबंध में लिखित शिकायत दिए हैं। विदित हो कि ओड़गी विकास खंड के ग्राम पंचायत चपदा में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। चपदा के आंगनवाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ओम कुमारी पदस्थ हैं। परन्तु ओम कुमारी आंगनवाड़ी केन्द्र में पिछले दो वर्षो से नहीं आ रही है। जिससे आंगनवाड़ी केन्द्र सहायिका के भरोसे संचालित हो रही है । जिसके चलते छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को शासन के द्वारा चलाईं जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पद हटाने की मांग किए हैं। इस मौके पर ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, सरपंच बब्लू सिंह, जनपद सदस्य भाग्यवती सिंह, रामसुभग कुर्रे ,शिवमंगल ,दिपक कुमार ,जगनारायण कुर्रे, नरेश कुमार ,भागीरथी ,पतिराज, शिवनाथ ,मुकेश, रमेश कुमार, व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# योगा संस्थान लखनऊ की ओर से आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - विकास खंड कार्यालय पर दीनदयाल उपाध्याय योगा संस्थान लखनऊ की ओर चल रहे 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन होगया। लखनऊ से आईं योगा टीचर अवंतिका शुक्ला ने 15 दिन तक करीब 65 लाभार्थियों को योगा का प्रशिक्षण दिया। शुक्ला ने कहा सभी पंचायतों में योगा कराएं स्वास्थ्य व खुश रहें और दूसरों को भी खुश रखें। प्रशिक्षण में योगा टीचर अवंतिका शुक्ला ब्लाक कोऑर्डिनेटर वीरेश यादव, पंचायत सहायक नीलम यादव, शैलेश कुमारी, शिल्पा, सतपाल सिंह, अनुराग यादव, जिला पंचायत सदस्य विजेंद्र सिंह यादव खंड विकास अधिकारी लियाकत अली आदि मौजूद रहे।

# पुलिस सहायता केंद्र पर सुविधायें शून्य

योगेश मुदगल-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश की योगी सरकार वचनबद्ध है। इसके लिये सभी थानों को अपने अपने क्षेत्र में पुलिस राहत शिविर लगाने के लिये निर्देशित किया गया है। सरकार के निर्देशों के अनुपालन में मारहरा थाना पुलिस द्वारा नदरई रोड और हनुमान चौक पर शिविर तो लगा दिए गये हैं, लेकिन इन शिविरों में सुविधायें शून्य हैं। सिर्फ चंद पुलिसकर्मी और होमगार्ड शिविरों में बैठ कर खानापूर्ति कर रहे हैं। शिविरों में कांवड़ियों के लिये न तो दवाईयां हैं और न ही विश्राम आदि करने के कोई प्रबंध हैं। ऐसे में इन शिविरों का लगाया जाना या न लगाया जाना एक समान साबित हो रहा है। कस्बा से गुजरने वाले शिवभक्त कांवड़िये मनोज, गुड्डू पंडित, आकाश कुमार, सत्यपाल एवं सुधीर ने कहा कि नदरई से मारहरा के बीच कोई व्यवस्था नहीं हैं। पुलिस के शिविरों में पीने का पानी तक नहीं है।

इस विषय में मारहरा थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बताया कि शिविरों में पुलिस द्वारा पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग से मांग की गई है।

# थाना पुलिस ने बरौंठा नहर पुल से ढाई माह चोरी हुई बाइक को बरामद व थी चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

हरदुआगंज प्रभारी एसएचओ बुजपाल सिंह के मुताबिक 20 मार्च की सुबह गांव चौगानपुर निवासी जीवाराम की बाइक को बरौठा नहर पुल से अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। पुलिस के मुताबिक सोमवार को इस्कान गीता ज्ञान मंदिर के पास बाइक लेकर गुजर रहे धमेंद्र पुत्र विनोद शर्मा निवासी पला फाटक व आकाश सैनी पुत्र नरेंद्र सैनी निवासी कुंबरनगर धरनीपुर मंडी थाना गांधपार्क अलीगढ़ को रोककर पूछताछ की गई। जो बाइक के कागज नहीं दिखा सके। जांच करने पर बाइक चौगानपुर के जीवाराम की पाई गई। मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों चोरों को जेल भेजा गया है। वहीं, बाइक चोरी होने के ढाई माह बाद बाइक बरामद होने पर पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# जितेंद्र का आईआईटी जोधपुर के एमएससी एमटेक के लिए हुआ चयन

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- हर्ष की बात है कि सूरजपुर जिले के तक्षशिला जिला लाइब्रेरी के सदस्य एवं लगनशील, मेहनती युवा विद्यार्थी जितेंद्र कुमार का राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध संस्था आईआईटी जोधपुर में एमएससी एमटेक कोर्स के लिए चयन हुआ है। जितेंद्र कुमार ने आईआईटी (एमएससी कार्यक्रमों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा) श्र।ड की परीक्षा दी थी। जिसके माध्यम से इनका चयन हुआ। अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा फोकस रहते हुए सही दिशा में लगातार प्रयासरत रहना ही अपनी सफलता का मूल मंत्र उन्होंने बताया। साथ ही जिले में भव्य विशाल एवं शानदार लाइब्रेरी की स्थापना एवं संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग को धन्यवाद दिया। इससे पूर्व भी तक्षशिला ग्रंथालय के नियमित पाठक हर्षित निगम और नितीश दुबे ने इसी वर्ष जेईई मेंस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92 परसेंटाइल और 96 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए थे एवं एनआईटी रायपुर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। हम इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# 23 जुलाई को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अरुणोदय कैरियर इंस्टीट्यूट में भर्ती परीक्षा

रामचंद्र जायसवाल -क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला प्रशासन द्वारा डी.एम.एफ़ निधि से नि:शुल्क संचालित अरुणोदय कैरियर इंस्टिट्यूट में जिले के स्थायी निवासियों को प्रतियोगी परीक्षाओं यथा एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल, इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 जुलाई 2023 को किया जाना है। जिसमें जिला के प्रतिभावान छात्र एवं छात्राएं जो स्नातक के अंतिम वर्ष में उत्तीर्ण हो चुके हैं या स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2023 है, तथा परीक्षा का आयोजन पुराना जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कन्या स्कूल के बगल में किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है। यदि अभ्यार्थी विकासखण्ड ओड़गी, प्रतापपुर एवं प्रेमनगर के है, तो वे अपना फार्म भरकर मो. नं. 8966978116 पर व्हाट्सएप कर सकते है।

# 14 जुलाई को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की बैठक

रामचंद्र जायसवाल -क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के आदेशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अन्तर्गत जिले के शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किये जाने के संबंध में 14 जुलाई समय सुबह 11:00 बजे से कलेक्टर के अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया जाना है। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित जिला अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

